UNIVERSITY NEWS 10 FEBRUARY 2026

TIMES OF INDIA

LU panel's nod for two gold medals

Lucknow: Executive council of Lucknow University approved the institution of two new gold medals to promote academic excellence.

"The first medal will be the Prof SJH Abdi gold medal. It will be awarded annually to the student securing the highest marks in MA English at Canning College," said LU spokesperson Mukul Srivasatava. He said in case of a tie, the medal will go to the student with higher marks in the final semester examination. The medal is in memory of Prof SJH Abdi, a noted scholar who founded the Society for the Promotion of Indian English Literature. The medal was instituted by his wife, Nishat Akhtar Abdi.

Another new medal is Chandramani Singh gold medal, which will be awarded annually to the student securing the highest marks in the postgraduate (Jyotir Vigyan) examination. LU VC Prof Jai Prakash Saini said, "New medals will strengthen students' enthusiasm and competitive spirit for academic excellence." TNN

HINDUSTAN TIMES

LU CLEARS TWO NEW GOLD MEDALS

LUCKNOW: The executive council of Lucknow University has approved the constitution of two new gold medals at a meeting held on Thursday.

The prof SJH Abdi Gold Medal will be awarded every year to the student securing the highest marks in MA English at Canning College, Lucknow University. In case of a tie, the medal will go to the student with the highest marks in the final semester examination. The medal has been instituted by Nishat Akhtar Abdi. The Shri Chandramani Singh Gold Medal will be awarded annually to the topper of the MSc (Astrology) examination. It has been instituted by Deepak Singh in memory of his late father. Vice-chancellor prof Jai Prakash Saini said the new medals would encourage academic excellence and healthy competition among students.

HINDUSTAN

एलयू में टाटा मोटर्स भर्ती के लिए आवेदन आज तक

केंद्रीय प्लेसमेंट सेल, लखनऊ विवि की ओर से टाटा मोटर्स लर्न एंड अर्न ड्राइव के लिए आवेदन मांगे गए हैं। अभ्यर्थी डिग्री भी विषय से 12वीं उत्तीर्ण तथा 18–25 वर्ष आयु वर्ग के होने चाहिए। मंगलवार तक आवेदन होंगे।

NBT

इंग्लिश व ज्योतिर्विज्ञान में शुरू होगा नया मेडल

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में इस साल दीक्षांत समारोह में दो नए मेडल की शुरुआत होने जा रही है। इसमें एक मेडल इंग्लिश में दिया जाएगा जबकि दूसरा मेडल ज्योतिर्विज्ञान विभाग के टॉपर को दिया जाएगा। ज्योतिर्विज्ञान में अब तक किसी भी टॉपर को मेडल नहीं दिया जाता था। विवि की कार्यपरिषद की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई है। इस साल होने वाले दीक्षांत से ये दोनो मेडल शुरू किए जाएंगे।

लखनऊ यूनिवर्सिटी के इस साल के दीक्षांत से होगी शुरुआत

एलयू के इंग्लिश विभाग में रिटायर्ड प्रो. एसजेएच आब्दी के नाम पर मेडल शुरू किया जा रहा है। यह मेडल उनकी पत्नी निशात अख्तर आब्दी की ओर से प्रत्यावेदन दिया गया था। जो एमए इंग्लिश में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को हर साल दिया जाएगा। वहीं ज्योतिर्विज्ञान में चंद्रमणि सिंह के नाम पर मेडल शुरू किया जा रहा है। यह एक लेखक व अंतरिक्ष विज्ञानी रहे है। वाराणसी निवासी चंद्रमणि सिंह के बेटे दीपक सिंह की ओर से अपने पिता की याद में प्रत्यावेदन दिया गया था। इसके लिए दोनों की ओर से विवि को पांच-पांच लाख रुपये की धनराशी दी गई है।

200 के पार हुए एलयू मे मेडल: एलयू में अब तक 198 मेडल दिये जा रहे थे। पिछले साल बीएससी टॉपर का नया मेडल शुरू किया गया जो 199वां मेडल था। अब इसे मिलाकर 201 मेडल हो गए है। शहर में अब तक कोई भी दूसरा विश्वविद्यालय नही है जहां इतनी संख्या में मेडल दिए जा रहे है। हर साल 100 से अधिक छात्रों को यह मेडल दिए जाते हैं जिसमें कई छात्रों को एक से अधिक मेडल मिलते है।

HINDUSTAN

एलयू में ज्योतिर्विज्ञान व पीजी अंग्रेजी में दो गोल्ड मेडल मिलेंगे

02 छात्रों के अंक समान तो अंतिम सेमेस्टर से निर्णय

लखनऊ, कासं। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में इस वर्ष से दो नए स्वर्ण पदक मिलेंगे। एलयू कार्यपरिषद की बैठक में विशेष रूप से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए नए स्वर्ण पदक स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

दोनों नए स्वर्ण पदक परास्नातक कोर्स में दिए जाएंगे। पहला प्रो. एसजेएच आब्दी स्वर्ण पदक होगा जो कि एमए अंग्रेजी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले को मिलेगा। यदि दो विद्यार्थियों के अंक समान हों, तो अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले को पदक दिया जाएगा। यह पदक निशात अख्तर आब्दी द्वारा स्थापित किया गया है। दूसरा पदक श्री चन्द्रमणि सिंह स्वर्ण पदक होगा जो परास्नातक (ज्योतिर्विज्ञान) परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को मिलेगा। यह पदक दीपक सिंह द्वारा अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में स्थापित किया गया है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि इससे शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी।

AMRIT VICHAR

लविवि में नए स्वर्ण पदक की हुई शुरुआत

- दीक्षांत समारोह में दिए जाएंगे दो नए स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद ने विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए चार नए स्वर्ण पदकों की घोषणा की है। इसे विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में विशेष रूप से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने हेतु नए स्वर्ण पदक स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

नए स्वर्ण पदक

- प्रो. एसजेएच आब्दी स्वर्ण पदक
  - एमए अंग्रेजी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा। यदि दो विद्यार्थियों के अंक समान हो, तो अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले को दिया जाएगा।
- चन्द्रमणि सिंह स्वर्ण पदक
  - परास्नातक (ज्योतिर्विज्ञान) परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा।

AAJ

एलयू में आईसीआईसीआई बैंक में प्लेसमेंट के लिए आवेदन कल तक

लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के लिए एक नए प्लेसमेंट अवसर की घोषणा की है। देश के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंक आईसीआईसीआई बैंक में सेल्स मैनेजर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियुक्तियां बैंक की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार पैन-इंडिया स्तर पर की जाएंगी। बैंक द्वारा उपलब्ध सूचना के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की जिम्मेदारियों में नए ग्राहकों का अधिग्रहण, व्यवसाय वृद्धि से जुड़े कार्य, ग्राहकों के साथ नियमित संवाद के माध्यम से संबंध प्रबंधन, उपयुक्त बैंकिंग समाधान प्रदान करना तथा निर्धारित नीतियों के अनुरूप सेवा सुनिश्चित करना शामिल होगा। पात्रता मानदंड के अनुसार अभ्यर्थियों के 10वीं और स्नातक में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है तथा आयु 25 वर्ष से कम होनी चाहिए। साथ ही संचार कौशल, ग्राहक संबंध प्रबंधन क्षमता, बिक्री योग्यता, समस्या-समाधान कौशल और बैंकिंग उत्पादों की बुनियादी समझ की भी आवश्यक बताया गया है। बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यकता अनुसार स्थानांतरण और क्षेत्रीय यात्रा के लिए तैयार रहना होगा। वेतन संरचना के अंतर्गत चयनित उम्मीदवारों को लगभग 5 लाख प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा, जो शहर की श्रेणी के अनुसार परिवर्तित हो सकता है। इसके अतिरिक्त प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन, मेडिकल बीमा और अन्य कर्मचारी लाभ भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक विद्यार्थी 11 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

AMAR UJALA

आईसीआईसीआई बैंक में रोजगार के अवसर, आवेदन आज से

लविवि व संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए मौका

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के लिए एक नए प्लेसमेंट अवसर की घोषणा की है। देश के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंक आईसीआईसीआई बैंक में सेल्स मैनेजर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बैंक की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक चयनित अभ्यर्थियों की जिम्मेदारियों में नए ग्राहकों का अधिग्रहण, व्यवसाय वृद्धि से जुड़े कार्य, ग्राहकों के साथ नियमित संवाद के माध्यम से संबंध प्रबंधन, उपयुक्त बैंकिंग समाधान करना और निर्धारित नीतियों के अनुरूप सेवा सुनिश्चित करना शामिल होगा।

ये है पात्रता

10वीं और स्नातक में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना जरूरी है। उम्र सीमा 25 वर्ष से कम है। साथ ही संचार कौशल, ग्राहक संबंध प्रबंधन क्षमता, बिक्री योग्यता, समस्या-समाधान कौशल और बैंकिंग उत्पादों की बुनियादी समझ भी जरूरी है।

■ **स्थानांतरण व क्षेत्रीय यात्रा भी होगी :** बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि चयनित अभ्यर्थियों को जरूरत के अनुसार स्थानांतरण और क्षेत्रीय यात्रा के लिए तैयार रहना होगा। इसके लिए अतिरिक्त भुगतान भी किया जाएगा।

■ **ये मिलेगा वार्षिक पैकेज :** चयनित उम्मीदवारों को पांच लाख प्रतिवर्ष (सीटीसी) दिया जाएगा। जो शहर की श्रेणी के अनुसार परिवर्तित हो सकता है। इसके अतिरिक्त, प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन, मेडिकल बीमा और अन्य कर्मचारी लाभ भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

भाषा विश्वविद्यालय में रोजगार मेला आज

लखनऊ। खवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को सेवायोजन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। इस मेले में टाटा मोटर्स, फ्लिपकार्ट सहित कुल 21 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां भाग लेंगी, जिनके माध्यम से लगभग 1500 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले में 12वीं पास, स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रोमोटर, असिस्टेंट मैनेजर, एटीएम ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव सहित विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। सभी प्रतिभागियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 9:30 बजे निर्धारित किया गया है। (संवाद)

DAINIK JAGRAN

दीक्षा समारोह में दिए जाएंगे दो नए स्वर्ण पदक

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अपने दीक्षा समारोह में दो नए स्वर्ण पदक देगा। हाल ही में हुई कार्य परिषद की बैठक में विशेष रूप से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इनमें प्रोफेसर एसजेएच आब्दी स्वर्ण पदक और श्री चंद्रमणि सिंह स्वर्ण पदक शामिल हैं।

कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि इन नए स्वर्ण पदकों की स्थापना से विद्यार्थियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उत्साह व प्रतिस्पर्धा की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी। यह विश्वविद्यालय की परंपरा को आगे बढ़ाने और विद्यार्थियों को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। विदित हो कि अभी तक दीक्षा समारोह में 201 पदक दिए जाते हैं। इनमें 15 विश्वविद्यालय के रेगुलर पदक (तीन स्वर्ण, दो रजत, 10 कांस्य) के अलावा 186 प्रायोजित पदक शामिल हैं।

नए स्वर्ण पदकों की स्थापना से विद्यार्थियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उत्साह की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी

श्री चन्द्रमणि सिंह स्वर्ण पदक : परास्नातक (ज्योतिर्विज्ञान) परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष यह पदक दिया जाएगा। यह पदक दीपक सिंह ने अपने स्व. पिता की स्मृति में शुरू किया है।

ये अवार्ड भी शुरू होंगे : लखनऊ विश्वविद्यालय के बायो केमिस्ट्री विभाग में 21 साल तक अध्यक्ष रहे 90 वर्षीय प्रोफेसर जीजी सनवाल की ओर से भी अवार्ड शुरू किया जाएगा। विभाग के प्रोफेसर सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि इस अवार्ड के लिए प्रोफेसर जीजी सनवाल ने धनराशि जमा की है। यह अवार्ड बेस्ट लेक्चर के आधार पर दिया जाएगा। इसमें शिक्षक व विज्ञानी प्रतिभाग कर सकेंगे। कमेटी अवार्ड के लिए चयन करेगी। वहीं, विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. सुधीर अग्रवाल की ओर से भी एनिमल बायो केमिस्ट्री और प्लांट बायो केमिस्ट्री में बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड भी देने पर सहमति बनी है।

प्रो. एस.जे.एच. आब्दी स्वर्ण पदक

यह पदक लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर के उस विद्यार्थी को दिया जाएगा जो एम.ए अंग्रेजी मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करेंगे। यदि दो विद्यार्थियों के अंक समान हो, तो अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले को पदक दिया जाएगा। यह पदक निशात अख्तर आब्दी की ओर से शुरू किया गया है।

प्लेसमेंट के लिए करें कल तक आवेदन, पांच लाख का पैकेज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के लिए एक बार फिर प्लेसमेंट का अवसर उपलब्ध कराया है। विद्यार्थी आइसीआइसीआइ बैंक लिमिटेड में सेल्स मैनेजमेंट (रिलेशनशिप मैनेजमेंट रोल) पदों के लिए 11 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। यह नियुक्तियां बैंक की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर की जाएंगी।

पात्रता मानदंड के अनुसार अभ्यर्थियों के 10वीं और स्नातक में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। आवेदन की आयु 25 वर्ष से कम होनी चाहिए। साथ ही संचार कौशल, ग्राहक संबंध प्रबंधन क्षमता, बिक्री योग्यता, समस्या-समाधान कौशल व बैंकिंग उत्पादों की बुनियादी समझ भी आवश्यक है। चयनित उम्मीदवारों को लगभग पांच लाख रुपये सालाना (सीटीसी) का पैकेज दिया जाएगा, जो शहर की श्रेणी के अनुसार परिवर्तित हो सकता है। इसके अतिरिक्त, प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन, मेडिकल बीमा और अन्य कर्मचारी लाभ भी उपलब्ध कराए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों की जिम्मेदारियों में नए ग्राहकों का अधिग्रहण, व्यवसाय वृद्धि से जुड़े कार्य, ग्राहकों के साथ नियमित संवाद के माध्यम से संबंध प्रबंधन, उपयुक्त बैंकिंग समाधान प्रदान करना तथा निर्धारित नीतियों के अनुरूप सेवा सुनिश्चित करना शामिल होगा।

परिणाम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को एम.एससी बाटनी और एलएलएम तीसरे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से इसे देख सकते हैं। वि.

AAJ

एलयू कार्यपरिषद की बैठक में दो नये स्वर्ण पदकों की घोषणा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में विशेष रूप से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने हेतु दो नए स्वर्ण पदक स्थापित करने का निर्णय लिया गया। नए स्वर्ण पदक में प्रो एसजेएच आब्दी स्वर्ण पदक की घोषणा की गयी जो एमए इंग्लिश कैनिंक कॉलेज लविवि में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा। यदि दो विद्यार्थियों के अंक समान हों तो अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले को पदक दिया जाएगा। यह पदक श्रीमती निशात अख्तर आब्दी द्वारा स्थापित किया गया है। इसी क्रम में दूसरा स्वर्ण पदक श्री चन्द्रमणि सिंह स्वर्ण पदक परास्नातक ज्योतिर्विज्ञान, परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा। यह पदक दीपक सिंह द्वारा अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में स्थापित किया गया है। कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने कहा कि इन नए स्वर्ण पदकों की स्थापना से विद्यार्थियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी। यह विश्वविद्यालय की परंपरा को आगे बढ़ाने और विद्यार्थियों को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

I NEXT

इस बार एलयू के दीक्षा समारोह म दो नए गोल्ड मेडल

एलयू कार्य परिषद की बैठक में प्रस्ताव को दी गई मंजूरी

LUCKNOW (9 FEB): इस बार लखनऊ यूनिवर्सिटी अपने दीक्षा समारोह में दो नए गोल्ड मेडल देगा. हाल ही में हुई कार्य परिषद की बैठक में विशेष रूप से यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए यह डिसीजन लिया गया है. इनमें प्रोफेसर एसजेएच आब्दी स्वर्ण पदक और श्री चंद्रमणि सिंह गोल्ड मेडल शामिल हैं.

बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा की भावना

वीसी प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि इन नए दो गोल्ड मेडल की स्थापना से स्टूडेंट्स में शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उत्साह व प्रतिस्पर्धा की भावना और अधिक मजबूत होगी. यह यूनिवर्सिटी की परंपरा को आगे बढ़ाने और स्टूडेंट्स को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा.

प्रो. एसजेएच आब्दी गोल्ड मेडल

यह गोल्ड मेडल लखनऊ यूनिवर्सिटी कैंपस के उस स्टूडेंट्स को दिया जाएगा जो एमए अंग्रेजी में सर्वोच्च मार्क्स हासिल करेंगे. यदि दो स्टूडेंट्स के मार्क्स बराबर हों, तो लास्ट सेमेस्टर एग्जाम में सर्वाधिक मार्क्स पाने वाले को यह मेडल दिया जाएगा. यह गोल्ड मेडल निशात अख्तर आब्दी की ओर से शुरू किया गया है.

ये अवार्ड भी शुरू किए जाएंगे

लखनऊ यूनिवर्सिटी के बायो केमिस्ट्री विभाग में 21 साल तक अध्यक्ष रहे 90 वर्षीय प्रोफेसर जीजी सनवाल की ओर से भी एक अवार्ड शुरू किया जाएगा. डिपार्टमेंट के प्रोफेसर सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि इस अवार्ड के लिए प्रोफेसर जीजी सनवाल ने धनराशि भी जमा कर दी है. यह अवार्ड बेस्ट लेक्चर के आधार पर प्रदान किया जाएगा. इसमें शिक्षक व विज्ञानी प्रतिभाग कर सकेंगे. कमेटी अवार्ड के लिए चयन करेगी. वहीं, विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. सुधीर अग्रवाल की ओर से भी एनिमल बायो केमिस्ट्री और प्लांट बायो केमिस्ट्री में बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड भी देने पर सहमति बन गई है.

श्री चन्द्रमणि सिंह गोल्ड मेडल

वहीं, पीजी (ज्योतिर्विज्ञान) एग्जाम में सर्वोच्च मार्क्स लाने वाले स्टूडेंट्स को हर साल यह गोल्ड मेडल दिया जाएगा. यह गोल्ड मेडल दीपक सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में शुरू किया है.

उत्तर प्रदेश राज्य रंजीसूत्र का

AMAR UJALA

शिविर में ग्रामीणों को किया जागरूक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय स्थित विधिक सहायता केंद्र और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नगर चौगावां में निःशुल्क विधिक सहायता व साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, दहेज और फोनू हिंसा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। महिलाओं और बच्चियों को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। विधि संकाय के डीन प्रो. आरके. वर्मा, प्रो. अभिषेक कुमार तिवारी और प्रो. आलोक कुमार यादव ने ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सेवाओं के महत्व से अवगत कराया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

विधिक सहायता की जानकारी दी गई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में विधिक सहायता केंद्र एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्रो. अभिषेक कुमार तिवारी ओर प्रो. आलोक कुमार यादव ने शिविर में ग्रामवासियों को निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ।

AMAR UJALA

दिव्यांगता को सामाजिक दृष्टि से समझिए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में सोमवार को साहित्य के अंतर्विषयी दृष्टिकोण विषय पर एक सप्ताह की राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला 14 फरवरी तक चलेगी, जिसका उद्देश्य साहित्य को विभिन्न विषयों से जोड़कर व्यापक दृष्टि से समझना है। मुख्य वक्ता के रूप में बीएचयू के प्रो. बानी ब्रत महंता ने कहा कि समाज सामान्य होने के कुछ मानक तय करता है, जिससे कई अनुभव और पहचान हाशिए पर चली जाती हैं। उन्होंने दिव्यांगता को केवल चिकित्सकीय नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समझने की आवश्यकता बताई। विभागाध्यक्ष प्रो. नाजनीन खान ने अंतर्विषयी अध्ययन, शैक्षणिक ईमानदारी और नवाचार आधारित शोध के महत्व पर जोर दिया। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

दीक्षांत समारोह में मिलेंगे दो नए पदक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में इस बार दो नए स्वर्ण पदक अब विद्यार्थियों को मिल सकेंगे। इन पदकों के नाम की घोषणा विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्य परिषद की बैठक में की गई है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि पहले पदक का नाम प्रो. एसजेएच आब्दी स्वर्ण पदक है। ये पदक एमए अंग्रेजी में सबसे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष दिया जाएगा। यदि दो विद्यार्थियों के अंक समान हों तो अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को पदक दिया जाएगा। यह पदक निशात अख्तर आब्दी की ओर से स्थापित किया गया है। दूसरे पदक का नाम चंद्रमणि सिंह स्वर्ण पदक परास्नातक (ज्योतिर्विज्ञान) परीक्षा में सबसे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को दिया जाएगा। यह पदक दीपक सिंह की ओर से अपने पिता की स्मृति में स्थापित किया गया है। लविवि में विधि छात्रों को एआई कोर्स पढ़ने को मौका मिलेगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। (संवाद)

AMRIT VICHAR

अंग्रेजी विभाग में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

दिव्यांगता को सामाजिक व सांस्कृतिक रूप में समझना होगा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में "साहित्य के अंतर्विषयी दृष्टिकोण" विषय पर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यशाला का स्वागत भाषण प्रो. नाज़नीन खान द्वारा प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन सत्र में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. बानी ब्रत महंता ने "नॉर्मेटिविटी : दिव्यांगता अध्ययन का एक परिचय" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता को समझने के लिए शैक्षणिक और सामाजिक दोनों प्रकार के दृष्टिकोणों को समझना होगा। सह संयोजक प्रो. आरपी सिंह व प्रो. आरबी शर्मा, डॉ. परिधि किशोर, डॉ. राज गौरव वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

लविवि के विधि छात्र जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग।

मासिक धर्म और कानूनी संरक्षण पर दी महिलाओं को जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नगर चौगावां के निवासियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई गई। सदस्य पलक चौधरी ने मासिक धर्म और संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन जीने अधिकार के संदर्भ में बताया। उन्होनें सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय डॉ. जया ठाकुर बनाम भारत सरकार एवं अन्य का भी उल्लेख किया। समानता सुनिश्चित करने हेतु विद्यमान सरकारी नीतियों एवं अधिकारों की जानकारी दी गई।

लविवि के मॉडल को भी मिला पुरस्कार

■ प्रदर्शनी मे कला एवं शिल्प महाविद्यालय के छात्रों के राम दरबार के मॉडल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। रंगोली एवं मॉडल मे भगवान राम, माता सीता एवं हनुमान जी को दरबार में विराजमान दर्शाया गया, जिसे देखने वालों ने खूब सराहा। इस रचना को तैयार करने मे गेंदा, गुलाब, जबेरा जैसे विविध प्रकार के फूलों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की सब्जियों का रचनात्मक उपयोग किया गया था। रचना में विधिता श्रीवास्तव, उत्कर्ष निगम, अंशिमा, सोनल सिंह धोनी, अमृता सिंह, हर्षित कुमार, चांदनी आर्या, आलोक कन्नौजिया, हर्षित शुक्ला, हर्षिता, सौम्या गुप्ता, अंकिता मोदनवाल, अंजलि चौरसिया, वाणी, शिवा प्रजापति, संतोष वर्मा, नैन्सी विश्वकर्मा एवं गुंजा कुमारी शामिल रहे। प्राचार्य रतन कुमार ने बहुत कम समय में इस उत्कृष्ट रंगोली एवं मॉडल को तैयार कर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने पर सभी छात्रों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस परियोजना के समन्वयक रविकांत पांडे, डॉ. पूनम रवि जायसवाल तथा सह-समन्वयक अतुल हुंडू, डॉ. खुर्शीद जहरा, डॉ महती दशिष्ठ, अजय कुमार, दिनेश कुमार एवं सुमित कुमार ने छात्रों के साथ मिलकर अथक परिश्रम किया।